## ॥ प्रणाम ॥

- शुकतीर्थ स्थित श्री शुकदेव आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा, सुबह 9 बजे।
- द्वारिकापुरी स्थित श्रीराम दरबार भवन में श्रीराम कथा, सुबह 9 बजे।
- गांधी कालोनी पंजाबी बरातघर में श्रीमद्भागवत कथा भक्ति सप्ताह, सायं 4 बजे।
- नई मंडी श्री बालाजी धाम मंदिर में आरती, शाम छह बजे।
- नई मंडी श्री गणपति खाटू श्याम मंदिर में आरती, शाम छह बजे।
- शुकतीर्थ स्थित गंगा घाट पर मां गंगा की आरती, शाम 6:30 बजे।

मुजफ्फरनगर की ताजा खबरें पढ़ने के लिए स्कैन करें।

# अंकित हत्याकांड का आरोपित गिरफ्तार

## उधार के पैसे नहीं देने को लेकर पीट-पीटकर कर दी थी हत्या

**संवाद सूत्र, जागरण • बुढ़ाना :** क्षेत्र के खतौली मार्ग पर बसी गेट के पास मुठभेड़ में पुलिस ने हत्यारोपित को हिरासत में ले लिया। आरोपित पैर में गोली में गोली लगने से घायल हुआ। कुरथल गांव में अंकित की पीट पीट कर हत्या के मामले में आरोपित वांछित चल रहा था। इंस्पेक्टर सुभाष अत्री ने बताया कि हत्यारोपित बसी गेट पर कही जाने की फिराक में खड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखते ही आरोपित ने फायरिंग की और खेतों की ओर भाग निकला। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से आरोपित घायल हुआ। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर अस्पताल में भर्ती कराया। पकड़ा गया आरोपित ब्रह्मसिंह पुत्र नैन सिंह निवासी कुरथल का है। आरोपित के पास से तमंचा कारतूस व हाथ मे पहना धातु का कड़ा भी बरामद किया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि



बुढ़ाना क्षेत्र में मुठभेड़ में घायल बदमाश को ले जाती पुलिस • जागरण

पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि अंकित को उसने अपने कड़े से पीटा था। अंकित से उसकी पुरानी रंजिश थी।


गौरतलब है कि 12 जून की दोपहर ब्रह्मसिंह, अंकित को शराब पिलाने के बहाने ठेके पर ले गया था। वहां उसके भाई अरुण व अजय भी पहुंच गए। तीनों ने अंकित से उधार के पैसे मांगे और न देने पर लोहे के कड़े से बेरहमी से पीटा।

गंभीर हालत में अंकित को सीएससी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के ताऊ कंवलसिंह ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था।

**हत्या के दूसरे मामले में जमानत पर था आरोपित :** कुरथल के अंकित उर्फ भूरा की हत्या के आरोपित ब्रह्मसिंह पर पहले से ही जानलेवा हमले, हत्या और आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज है। गांव कुरथल में 2012 में सोनू की हत्या में ब्रह्मसिंह जेल जा चुका है। जिसमे न्यायालय से उसे आजीवन कारावास की सजा हुई है। 2022 में वह उच्चतम न्यायालय में अपील कर जमानत पर था।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में लगी चोट से मृत्युः** अंकित उर्फ भूरा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सिर व आंखों के पास करीब पांच चोट मिली है।

इंस्पेक्टर सुभाष अत्री ने बताया कि अंकित उर्फ भूरा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर व आंखों के पास चोटों के निशान मिले, इन चोट से ही उसकी मृत्यु हुई है।



मीरापुर थाने में पुलिस हिरासत में आरोपित गुलफाम • सौ. पुलिस मीडिया सैल

## किशोरी को भगा ले जाने वाला मुस्लिम युवक गिरफ्तार

**मीरापुरः** क्षेत्र के एक गांव में अपनी बुआ के घर आई हुई एक किशोरी को दो दिन पूर्व मेरठ के सरधना निवासी गुलफाम पुत्र इद्दू बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने शनिवार को किशोरी को बरामद करने के बाद आरोपित को भी घर से गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि मामला दो समुदाय का होने के चलते गांव में तनाव व्याप्त है।-संसू।

## बजरंग दल को गाली देने वाला आरोपित गिरफ्तार

**संवाद सूत्र जागरण • शाहपुरः** थाना क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी द्वारा बजरंग दल को गंदी-गंदी गालियां देने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। शाहपुर थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा था जिसमें एक व्यक्ति हिंदू संगठन का नाम लेकर गालियां दे रहा था। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपित की पहचान गांव पलड़ी निवासी आकिल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद आरोपित माफी मांगता हुआ नजर आया। कहा कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेगा।



आरोपित आकिल •


**Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University**
**Govt of Uttar Pradesh**
Mohaan Road, Lucknow - 226 017

Advt No.-63/2026-27 Date :13.06.2026

**Recruitment Notice**

Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Govt of Uttar Pradesh) invites applications for the faculty positions at the level of Professor/Associate Professor/Assistant Professor in BASLP and BPO.

The details w.r.t various post(s), eligibility criteria, online and general instructions are available on http://dsmru.up.nic.in. Online application portal shall remain open from 16.06.2026 to 15.07.2026. Applicants are required to apply through the SAMARTH portal only. The link for the Samarth Portal is provided on the University website under the "Recruitment" tab.

**Registrar**




मंसूरपुर स्टेशन पर कार्यकर्ताओं संग आंदोलन की तैयार करते भाकियू तोमर के अध्यक्ष संजीव तोमर • जागरण

## भाकियू तोमर मंगलवार को चार जगह रेल रोकेगी

**संवाद सूत्र, जागरण • मंसूरपुर :** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) 16 जून को रेल रोको आंदोलन करने जा रहा है।

रविवार को भाकियू (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने कार्यकर्ताओं के साथ मंसूरपुर रेलवे स्टेशन का मौका मुआयना किया और रणनीति तैयार की। उन्होंने बताया कि जनपद में चार जगह रेलवे ट्रैक पर पंचायत होगी। रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन ने किसानों के हक की लड़ाई के लिए कमर कस ली है। 16 जून को होने वाले आंदोलन के तहत मुजफ्फरनगर जनपद में चार अलग-अलग स्थानों पर रेलवे ट्रैक पर ही महापंचायत की जाएगी और ट्रेनों का चक्का जाम किया जाएगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, अजय त्यागी, हीरा बालियान, मुकेश गुर्जर आदि मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगर के गांधीनगर स्थित श्री श्यामा श्याम मंदिर में चल रही कथा में मौजूद श्रद्धालु • सौ. श्रद्धालु

## श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरनगर:** श्री श्यामाश्याम मंदिर में चल रही कथा का रविवार को समापन हुआ। कृष्णप्रिया तुलसी ने सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता को निस्वार्थ प्रेम, समानता और समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि मित्रता में विश्वास सबसे बड़ी पूंजी है। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

कथा वाचक ने बताया कि बचपन में श्री कृष्ण और सुदामा गुरु संदीपन के आश्रम में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। एक बार वे जंगल में लकड़ी लेने गए, जहां गुरुमाता ने उन्हें खाने के लिए चने दिए, जिन्हें सुदामा ने अकेले ही खा लिया। शिक्षा पूरी होने के बाद दोनों अपने-अपने घर लौट गए। श्री कृष्ण द्वारकाधीश बने, जबकि सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे, जो ईश्वर की भक्ति करके पांच घरों से भिक्षा लेकर जीवन यापन करते थे।

एक दिन सुदामा की पत्नी सुशीला ने उन्हें श्रीकृष्ण के पास जाकर मदद मांगने के लिए कहा। सुदामा द्वारका चले गए। जाते समय सुशीला ने उन्हें मित्र को भेंट देने के लिए एक पोटली चावल दी। फटेहाल सुदामा को देखकर कोई उन्हें द्वारका के महलों में जाने नहीं दे रहा था। सुदामा ने कहा कि वे श्रीकृष्ण के मित्र हैं।



मुजफ्फरनगर के गांधीनगर स्थित श्री श्यामा श्याम मंदिर में कथा सुनातीं कृष्णप्रिया तुलसी • सौ. श्रद्धालु

जब द्वारपाल ने यह बात श्री कृष्ण को बताई, तो उन्होंने नंगे पैर दौड़कर सुदामा का स्वागत किया। श्री कृष्ण ने मित्र को गले लगाया और सिंहासन पर बैठाया। जब उन्होंने दो मुट्ठी चावल खाए, तो रुक्मिणी ने कहा कि आपने अपने मित्र को दो लोक का राज्य दे दिया है। इस दौरान प्रीति शर्मा, कौशल्या शर्मा, राकेश रोहिला, ललित अग्रवाल, हरीश गोयल, पूनम चौहान सरोज, सुधीर चौधरी, आकाश चौधरी और सतीश शर्मा मौजूद रहे।



बरला क्षेत्र में आरोग्य मेले का निरीक्षण कर ओपीडी करते सीएमओ डा. सुनील कुमार तेवतिया • सौ. विभाग

## आरोग्य मेला में ढाई हजार रोगियों का इलाज

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरनगर:** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों में लगभग ढाई हजार रोगियों का उपचार किया गया। मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव का स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। बुखार, जुकाम और त्वचा रोग से पीड़ित रोगी बड़ी संख्या में पहुंचे, जिनका उपचार कर दवाइयां वितरित की गईं।

सीएमओ ने मेलों का निरीक्षण करते हुए चिकित्सकों को रोगियों के साथ मृदुल व्यवहार करने के निर्देश दिए।

रविवार को जनपद के सभी सीएचसी, पीएचसी और उपकेंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। सीएमओ डा. सुनील कुमार तेवतिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरकाजी, तेजलहेड़ा, छपार, बरला और नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरी का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सीय सुविधाओं, दवा वितरण, जांच व्यवस्था, साफ-सफाई और अभिलेखों का अवलोकन किया।

आरोग्य मेलों में बुखार, जुकाम और अन्य रोगों से पीड़ित रोगियों का उपचार किया गया। पिछले एक सप्ताह से मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ा है, जिससे बच्चों को भी पेट रोग, बुखार और खांसी का सामना करना पड़ रहा है। आरोग्य मेलों में 401 बच्चों को दवाइयां वितरित की गईं। सीएमओ ने बताया कि आरोग्य मेले में कुल 2500 लोगों को उपचार प्रदान किया गया, जिनमें 801 पुरुष, 769 महिलाएं और 423 त्वचा रोग से जुड़े रोगी शामिल हैं।


**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

सर्किल कार्यालयः मुजफ्फरनगर : प्लॉट नं. 01, शाकुंतलम आवास विकास कॉलोनी सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
E-Mail: COMZNSAM@PNB.BANK.IN

**कब्जा नोटिस**

मैं, अधोहस्ताक्षरी, सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत पंजाब नेशनल बैंक का अधिकृत अधिकारी, और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़े गए सेक्शन 13 (2) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, हर अकाउंट के सामने बताई गई तारीखों पर डिमांड नोटिस जारी किए हैं, जिसमें संबंधित कर्जदारों से हर अकाउंट के सामने बताई गई रकम को नोटिस की तारीख/नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के अंदर चुकाने के लिए कहा गया है। कर्जदारों द्वारा रकम चुकाने में नाकाम रहने पर, इसके द्वारा कर्जदार/कर्जदारों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षर करने वाले ने उक्त एक्ट के सेक्शन 13(4) और उक्त नियमों के नियम 8 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, हर अकाउंट के सामने बताई गई तारीखों पर नीचे बताई गई संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदारों और आम जनता को इसके द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति/संपत्तियों के साथ कोई लेन-देन न करें और संपत्ति/संपत्तियों के साथ कोई भी लेन-देन पंजाब नेशनल बैंक के चार्ज के अधीन होगा, जिसमें रकम और उस पर लगने वाला ब्याज शामिल है। कर्जदार और गारंटर का ध्यान एक्ट के सेक्शन 13 के सब-सेक्शन (8) के प्रावधानों की ओर दिलाया जाता है, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के बारे में बताया गया है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम | बंधक संपत्ति के उधारकर्ता/गारंटर का नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि | कब्जे की सूचना तिथि / कब्जे का प्रकार | मांग सूचना तिथि तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बीओः नई मंडी ई-ओबीसी (004810) मुजफ्फरनगर | मैसर्स हाईवे फ्यूल्स (उधारकर्ता) और श्री रविंदर सिंह पुत्र श्री राम मेहर सिंह (पार्टनर और गारंटर) और श्रीमती कुसुम लता पत्नी श्री रविंदर सिंह (पार्टनर और गारंटर), श्री आकाश चौधरी, पुत्र रविंद्र सिंह (गारंटर/बन्धककर्ता) मैसर्स आकाश रवि बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड (गारंटर/बन्धककर्ता) | कमर्शियल प्लॉट जो मैसर्स आकाश रवि बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर है जिसका क्षेत्रफल 1206 वर्ग मीटर, जो खसरा नंबर 267/1/1, गाँव नसीरपुर, मुख्य एनएच-58, परगना और तहसील मुजफ्फरनगर में स्थित है और मैसर्स आकाश रवि बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड की संपत्ति है। इसका क्षेत्रफल 1206 वर्ग मीटर है और सेल डीड नंबर 2673 दिनांकित 13.03.2020 है। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः अहसान और मो. इनाम की कृषि भूमि, पश्चिमः पेट्रोल पंप, उत्तरः मैसर्स रवि कंस्ट्रक्शन की भूमि, दक्षिणः बाईपास रोड। | 02.04.2026 | 08.06.2026<br>प्रतीकात्मक | Rs. 3,08,59,733.23 दिनांक 31.03.2026 तक, साथ ही दिनांक 01.04.2026 से आगे का ब्याज। |

स्थानः मुजफ्फरनगर प्राधिकृत अधिकारी, (पंजाब नेशनल बैंक)

**पंजाब नैशनल बैंक** ..... भरोसे का प्रतीक! **punjab national bank** ... the name you can BANK upon!

सर्किल कार्यालयः मुजफ्फरनगर : प्लॉट नं. 01, शाकुंतलम आवास विकास कॉलोनी सर्कुलर रोड, मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
E-Mail: COMZNSAM@PNB.BANK.IN

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) एवं 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। सामान्य जनता और विशेष रूप से ऋणकर्ता (ऋणियों) और गारंटीकर्ता (गारंटरों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास गिरवी/ प्रभारित है , जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, संबंधित उधारकर्ताओं और गारंटीकर्ता (ऋणियों) से बैंक/सुरक्षित ऋणदाता को देय बकाया राशि की वसूली के लिए, नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित आंकड़ों के अनुसार "जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होगी।

**सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर का नाम | बंधक रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्तियों के बंधककर्ता) | सरफेसी अधिनियम 2002 की मांग सूचना 13(2) की तिथि / बकाया राशि / कब्जे की तिथि / कब्जे की प्रकृतिः प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | नीलामी की तिथि और समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋण का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बीओः शाहपुर<br>1. असलम खान पुत्र मो. यामीन खान | आवासीय प्लॉट (अब मकान) स्थित खसरा संख्या 1458, बुढाना बहार हदूद, शफीपुर पट्टी, बुढाना, जिला- मुजफ्फरनगर जिसका कुल क्षेत्रफल 91 वर्ग मीटर है। यह प्लॉट 28.06.2016 को असलम खान पुत्र यामीन खान के नाम पर सेल डीड संख्या 5023 के तहत पंजीकृत किया गया था। इस संपत्ति की सीमाएं निम्नलिखित हैं:- पूर्व- मिस्कीन (पत्नी शौकीन) का प्लॉट, पश्चिम- नीलम शर्मा का प्लॉट, उत्तर- शौकीन का प्लॉट, दक्षिण- 25 फीट चौड़ा रास्ता। | 17.09.2024<br>रू. 16,15,836.07 और 01.05.2026 से संविदात्मक दर पर आगे का ब्याज और DI + अन्य शुल्क<br>12.12.2024<br>रचनात्मक | रू. 22.00 लाख<br>रू. 2.20 लाख<br>रू. 22,000/- | 30.06.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM | ज्ञात नही |
| 2. | बीओः सिविल लाइन्स (068910)<br>1. श्रीमती कमरजहाँ पत्नी ओशफ उधारकर्ता<br>2. श्री अब्दुल रहमान पुत्र मोहम्मद ओहसाफ सह-उधारकर्ता | एक आवासीय प्लॉट जो श्रीमती कमर जहां के नाम पर जिसका मुख पूर्व और उत्तर दिशा की ओर है। इसका क्षेत्रफल 58.08 वर्ग मीटर है और यह खसरा संख्या 668 और 670 के अंतर्गत आता है। यह प्लॉट मोहल्ला सुभाष नगर, ग्राम सरवट बहार हदूद, राजवाहा रोड के पास, मुजफ्फरनगर में स्थित है। यह संपत्ति सेल डीड संख्या 1673, दिनांक 08.02.2023 के तहत पंजीकृत है। संपत्ति की सीमाएं निम्नलिखित हैं: पूर्वः 12 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः नौशाद का प्लॉट, उत्तरः 15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः हनीफ का प्लॉट। | 21.07.2025<br>रू. 8,44,134.89 और 30.04.2026 से संविदात्मक दर पर आगे का ब्याज और DI + अन्य शुल्क<br>07.10.2025<br>रचनात्मक | रू. 14.00 लाख<br>रू. 1.40 लाख<br>रू. 14,000/- | 30.06.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM | ज्ञात नही |
| 3. | बीओः कोर्ट रोड<br>1. प्रभात कुमार पुत्र सूरजभान (उधारकर्ता)<br>2. दीपा पत्नी प्रभात कुमार (सह-उधारकर्ता)<br>3. मुकेश कुमार पुत्र सूरजभान (गारंटर) | एक आवासीय मकान जो श्रीमती दीपा पत्नी श्री प्रभात कुमार और श्री प्रभात कुमार पुत्र श्री सूरज भान के नाम पर, जिसका क्षेत्रफल 83.88 वर्ग मीटर है। यह मकान मोहल्ला रामपुर सेक्टर-2, ग्राम शाहबुद्दीनपुर, परगना, तहसील और जिला मुजफ्फरनगर में स्थित है। यह संपत्ति उप-पंजीयक कार्यालय, मुजफ्फरनगर में सेल डीड संख्या 8921, दिनांक 01.11.2017 के तहत पंजीकृत है बही 1, खंड संख्या 7339, पृष्ठ संख्या 377-414 है। संपत्ति की सीमाएं निम्न हैं: पूर्वः जनेश्वर का मकान, पश्चिमः 18 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः श्रीमती पवन और श्रीमती अनीता का मकान, दक्षिणः सुखपाल और अन्य का मकान। | 02.12.2022<br>रू. 19,97,818.24 30.04.2026 से आगे के ब्याज के साथ + DI और अन्य शुल्क<br>10.03.2023<br>रचनात्मक | रू. 16.00 लाख<br>रू. 1.60 लाख<br>रू. 16,000/- | 30.06.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM | ज्ञात नही |
| 4. | बीओः एमएमजी शामली (182200)<br>1 श्री विनोद कुमार पुत्र स्व. विजय पाल (उधारकर्ता/बंधककर्ता)<br>2 श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी स्व. विनोद कुमार (सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता) | आवासीय प्लॉट (अब मकान) क्षेत्रफल 83.47 वर्ग मीटर जो श्री विनोद कुमार पुत्र श्री विजय पाल और श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी श्री विनोद कुमार के नाम पर, जो खसरा संख्या 63M, ग्राम ताजपुर सिंभालका, परगना व तहसील शामली, जिला शामली में स्थित है। सीमाएंः - पूर्वः 14 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः खेत मेजर, उत्तरः अन्य लोगों का प्लॉट, दक्षिणः सुनील कुमार का प्लॉट। | 21.05.2021<br>रू. 10,66,230.00 30.04.2026 से आगे के ब्याज के साथ + DI और अन्य शुल्क<br>04.12.2021<br>रचनात्मक | रू. 24.00 लाख<br>रू. 2.40 लाख<br>रू. 24,000/- | 30.06.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM | ज्ञात नही |
| 5. | बीओः हनुमान रोड शामली<br>1. श्रीमती दिलशाद पत्नी मोहम्मद इनाम (उधारकर्ता/बंधककर्ता)<br>2. श्री इरफान पुत्र मोहम्मद इनाम (सह-उधारकर्ता) | आवासीय घर जिसका क्षेत्रफल 38.58 वर्ग मीटर स्थित मोहल्ला घेर बुखारी, शामली जो श्रीमती दिलशाद पत्नी मोहम्मद इनाम के नाम पर जो टाइटल डीड नंबर 8759 दिनांक 07/10/2009 के तहत रजिस्टर्ड है। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः रशीद पुत्र श्री बांदा का घर, पश्चिमः 7 फीट चौड़ा रास्ता, उत्तरः 7 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः नसीर पुत्र श्री बशीर के घर के साथ साझा दीवार। | 30.12.2024 प्रकाशित 19.02.2025<br>रू. 15,29,491.00 दिनांक 01.06.2026 से आगे के ब्याज व और अन्य शुल्क<br>29.04.2025<br>रचनात्मक | रू. 9.00 लाख<br>रू. 0.90 लाख<br>रू. 9,000/- | 30.06.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM | ज्ञात नही |
| 6. | बीओः एमएमजी शामली (182200)<br>1. श्री नसीम अहमद पुत्र स्व. सैदुल्ला (उधारकर्ता/बंधककर्ता)<br>2. श्री सलीम पुत्र स्व. सैदुल्ला (गारंटर)<br>3. श्री विक्की पुत्र स्व. हेमराज (गारंटर)<br>4. श्री राजेंद्र पारचा पुत्र स्व. सुरेंद्र परचा (गारंटर) | आवासीय प्लॉट (अब घर) पूर्व मुखी जो श्री नसीम पुत्र श्री सैदुल्ला के नाम पर है, जिसका क्षेत्रफल 62.77 वर्ग मीटर है और जो खसरा नंबर 2451, मोहल्ला हरेंद्र नगर आवासीय, शामली परगना, तहसील और जिला शामली में स्थित है, यह सब-रजिस्ट्रार शामली के कार्यालय में सेल डीड नंबर 11150 दिनांक 30.09.2016 के तहत रजिस्टर्ड है। प्रॉपर्टी की सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः 5 मीटर से कम चौड़ा रास्ता, पश्चिमः नामदेव धर्मशाला की प्रॉपर्टी, उत्तरः रमेश चंद के वारिसों का घर, दक्षिणः विक्रेता की प्रॉपर्टी। | 17.09.2024 प्रकाशित 19.12.2024<br>रू. 6,03,918.05 31.05.2026 से आगे के ब्याज के साथ + DI और अन्य शुल्क NPA की दिनांक से<br>29.04.2025<br>रचनात्मक | रू. 21.00 लाख<br>रू. 2.10 लाख<br>रू. 21,000/- | 30.06.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM | ज्ञात नही |
| 7. | बीओः विकास भवन (684800)<br>1. श्री प्रवीण शर्मा पुत्र श्री राज सिंह शर्मा (उधारकर्ता/बंधककर्ता)<br>2. श्रीमती अनुराधा शर्मा पत्नी श्री प्रवीण शर्मा (सह-उधारकर्ता)<br>3. श्री राज सिंह शर्मा पुत्र स्व. श्री खजान सिंह (गारंटर) | द्वितीय तल आवासीय मकान जो श्री प्रवीण शर्मा व श्रीमती अनुराधा शर्मा के नाम पर खसरा सं. 2799 व 3139 में दक्षिण कृष्णापुरी (पुराना मकान सं. 586), म.नं 208/11/30/60 मुजफ्फरनगर में 93.632 वर्ग मीटर माप के अनुसार बही सं. 1 जिल्द सं. 5619 पृष्ठ सं. 39-72 एसआई सं. 2732 दिनांक 06.03.2014 को सब रजिस्ट्रार द्वितीय, मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश में पंजीकृत। प्रॉपर्टी की सीमा नीचे दी गई है: पूरबः जितेंद्र का घर, पश्चिमः रास्ता 15फीट चौड़ा, उत्तरः सोरम वाले का घर, दक्षिणः रघुनंदन का घर। | 01.08.2025<br>रू. 9,87,102.71 + 31.05.2026 से आगे का ब्याज + DI और अन्य शुल्क<br>12.02.2026<br>रचनात्मक | रू. 21.50 लाख<br>रू. 2.15 लाख<br>रू. 21,500/- | 30.06.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM | ज्ञात नही |
| 8. | बीओः नई मंडी ई-ओबीसी (004810)<br>1. श्रीमती विमलेश शर्मा पत्नी स्व. श्री प्रमोद शर्मा (उधारकर्ता/बंधककर्ता/सह-उधारकर्ता स्व. श्री प्रमोद शर्मा के कानूनी उत्तराधिकारी)<br>2. श्री तपन गौतम पुत्र स्व. श्री प्रमोद शर्मा (सह-उधारकर्ता स्व. श्री प्रमोद शर्मा के कानूनी उत्तराधिकारी)<br>3. श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री भगवत (गारंटर) | आवासीय प्लॉट (अब घर) श्रीमती विमलेश शर्मा पत्नी स्वर्गीय श्री प्रमोद शर्मा के नाम, जिसका एरिया 83.60 वर्ग मी. है, प्लॉट नंबर 86ए के हिस्से, मोहल्ला बसंत विहार (रकबा ग्राम सरवट), परगना, तहसील और जिला मुजफ्फरनगर में है, जो 19.07.2010 को सेल डीड नंबर 8620 के अनुसार रजिस्टर्ड है। प्रॉपर्टी की बाउंड्री नीचे दी गई है: पूर्वः पहली पार्टी (श्री हुकम चंद व श्रीमती लीला रानी) का प्लॉट, पश्चिमः श्री अनिल वर्मा का घर, उत्तरः 20 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः श्री अजय शर्मा वगैरह का घर | 02.08.2025<br>रू. 1,81,092.06 + 31.05.2026 से आगे का ब्याज के साथ कॉन्ट्रेक्ट रेट और DI + अन्य शुल्क<br>22.01.2026<br>रचनात्मक | रू. 32.00 लाख<br>रू. 3.20 लाख<br>रू. 32,000/- | 30.06.2026 from 11.00 AM to 04.00 PM | ज्ञात नही |

यह बिक्री सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 में बताए गए नियमों और शर्तों और इन अतिरिक्त शर्तों के अधीन होगी। 1. प्रॉपर्टीज 'जैसी है जहाँ है आधार पर' और 'जैसी है जो है आधार पर' और 'जो कुछ भी है आधार पर' बेची जा रही हैं। 2. ऊपर दी गई अनुसूची में बताई गई सिक्योर्ड एसेट्स की जानकारी ऑथराइज्ड ऑफिसर की जानकारी के अनुसार सबसे अच्छी है, लेकिन ऑथराइज्ड ऑफिसर इस घोषणा में किसी भी गलती, गलत बयान या चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। 3. बिक्री मेरे द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर दिए गए ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपरोक्त दिनांक को सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnbindia.in देखें। या नोडल ऑफिसर श्री दौलत राम मीना, सर्कल ऑफिस, मुजफ्फरनगर के ऑथराइज्ड ऑफिसर से संपर्क करें, मोबाइलः 8954040505, सभी संबंधित लोग ध्यान दें कि यह प्रकाशन कर्जदारों/गिरवी रखने वालों/गारंटी देने वालों के लिए एक वैधानिक 15/30 दिन की बिक्री सूचना भी है।

सरफेसी एक्ट, 2002 के नियम 9(1) और 8(6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना

दिनांकः 14.06.2026 स्थानः मुजफ्फरनगर/शामली अधिकृत अधिकारी (पंजाब नैशनल बैंक)

